दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 20 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 113

महाकुंभ में भीषण आग: 3 सिलेंडर फटे, 25 टेंट जलकर खाक

प्रयागराज

महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लग गई। ये आग शास्त्रीय ब्रिज के नीचे सेक्टर 19 के इलाके में लगी। बताया जा रहा है कि खाना बनाते समय टेंट में आग लगी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उधर, सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीएम मोदी ने भी सीएम योगी से फोन पर बात की और मामले की जानकारी ली। सीएम योगी भी खुद घटना स्थल पर पहुंचे।

20 से 25 टेंट जल गए हैं

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 स्थित दिगंबर अनी अखाड़ा में प्रसाद बनाया जा रहा था। इसी दौरान भीषण आग लग गई। टेंट में रखे तीन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए। 20 से 25 टेंट खाक हो गए।

काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया

जानकारी मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में टीम को सफलता मिली। भीड़ अधिक होने के कारण दमकल को पहुंचने में समय लगा। पूरे महाकुंभ मेला में अलर्ट जारी कर दिया गया।

सिलेंडर बाहर निकालकर फेंका

हरिराम त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी शांतनु निवासी दारागंज के मेले में घूम रहे थे। इस दौरान एक शिविर से धुआं उठते देखा। इसके बाद यह लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सिलेंडर निकालकर बाहर फेंकने लगे। इस दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए।

मंत्री बोले- आग पर 20 मिनट में काबू पा लिया गया

यूपी के मंत्री एके शर्मा ने बताया, "आग पर 20 मिनट के भीतर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है और इसके लिए मैं मां गंगा, त्रिवेणी और लेटे हनुमान जी को धन्यवाद देता हूं। हमारी पुलिस टीम और एनडीआरएफ मौके पर है।"

आग लगने की वजह से क्षेत्र में घना धुआं फैल गया, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दमकलकर्मी आग को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक आग की वजह से किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, रात 8 बजे तक करीब 32 लाख श्रद्धालुओं ने महाकुंभ नगर की यात्रा की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शनिवार को रात 8 बजे तक 42 लाख से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। वहीं, लगभग 32 लाख तीर्थ यात्रियों ने महाकुंभ नगर की यात्रा की। इसके अलावा 10 लाख से ज्यादा कल्पवासी भी हैं। बताया गया कि अभी तक 7.72 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में लिखा, सर्वसिद्धिप्रद: कुंभ:, सनातन धर्म के गौरव महाकुंभ-2025, प्रयागराज में आज 42 लाख से अधिक एवं अब तक 7.72 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में पावन स्नान कर पुण्य के भागी बने हैं।आज पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी पूज्य साधु-संतों, 10 लाख से अधिक कल्पवासियों एवं 32 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का अभिनंदन।

महत्वपूर्ण एवं खास

मौत बनकर दौड़ी हाई स्पीड हाइवा : बाइक सवार 2 युवक की उखड़ी सांसें, फरार ड्राइवर की तलाश में खाकी

शहडोल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शहडोल में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां हाई स्पीड हाइवा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई. जबकि अन्य एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है दरअसल, यह घटना जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के जमुनारा कनाड़ी खुर्द के पास की है. जहां शनिवार को तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को ठोकर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार रावेंद्र रजक और मंगल रजक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक अन्य युवक गंभीर घायल हो गया. हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया. इसे भी पढ़ें- मौत का गेम: टास्क पूरा करने ट्रेन से कट गया इकलौता बेटा, रेलवे ट्रैक पर मिला शवइधर, हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया. जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और ड्राइवर की तलाश में जुट गई है.

मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क दुर्घटना में मौत

चरखी दादरी (आरएनएस)। देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न मिलने के दो दिन बाद ही अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी मनु भाकर की नानी और मामा की सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर से हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु भाकर के मामा और नानी की मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस जांच में जुटी हुई है।

बीकानेर के लूणकरणसर में दर्दनाक सड़क हादसा : बारात में जा रही कार टायर फटने से पलटी, चार लोगों की मौत, चार अन्य घायल

बीकानेर (आरएनएस)। राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र स्थित हंसेरा गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली सडक़ दुर्घटना ने चार लोगों की जान ले ली। घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा तब हुआ जब भोजासर से पेमासर जा रही एक बारात की अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान भोजासर निवासी भगवान दास, विनोद, सुनील और रावतसर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य तीन घायलों का इलाज अभी भी स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार, यह बारात भोजासर से पेमासर के लिए रवाना हुई थी, जिसमें बस और कारों का काफिला शामिल था।

जूना अखाड़े से निकाले गए आईआईटी वाले बाबा, संतों ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली । आरएनएस

महाकुंभ में आईआईटी वाले बाबा के नाम से मशहूर बाबा अभय काफी चर्चा में बने हुए है। इस बीच खबर आ रही है कि बाबा अभय को जूना अखाड़े से निकाल दिया गया है।

बताया जा रहा है कि आईआईटी वाले बाबा अभय ने अपने गुरू का अपमान किया है। गुरू से विश्वास घात करने को लेकर बाबा अभय को जूना अखाड़े से बाहर कर दिए गया है। ऐसा नहीं है कि बाबा अभय को सुधरने का मौका नही दिया गया। उन्हें एक शिविर से निकालकर दूसरे शिविर में भेजा गया था, लेकिन उन्होंने अपने गुरू और जूना अखाड़े के संत सोमेश्वर पुरी का अपमान करना जारी रखा। जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक हरि गिरी ने इसको अखाड़े की परम्परा का उल्लंघन माना और बाहर का रास्ता दिखा दिया।

बाबा अभय अब न तो जूना अखाड़े के किसी शिविर में रह पाएंगे और न ही जूना अखाड़े के किसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनकी वजह से जूना अखाड़े में भीड़ बढ़ते जा रही थी लेकिन गुरू के अपमान को लेकर उनपर कार्रवाई हुई है। बाबा अभय सनातन के नाम पर नशे में अनाप शनाप बोल रहे थे और अपने माता पिता के बारे में भी ऐसी बाते कर रहे थे जो कि अनुचित थी। आईआईटी वाले बाबा अभय ने भी अपने गुरू सोमेश्वर पुरी पर आरोप लगाया है कि वो उनकी लोकप्रियता से परेशान हो कर उनको अखाड़े से निकलवाया गया हैं।

उनको निकलवाने के बाद भी वो साज़िश कर रहे हैं। अखाड़े के दूसरे सन्यासी कह रहे हैं कि अभय को अखाड़े के कई संत और सन्यासी समझाते रह गएं कि उल्टा बयान मत दो ज्यादा नशा मत करो और गुरू के प्रति समर्पण भाव रखो लेकिन वो नही माना।

बांग्लादेशी होने का शक, 6 महीने पहले आया था मुंबई; सैफ अली खान के हमलावर को लेकर पुलिस का खुलासा

नई दिल्ली । आरएनएस

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी के बांग्लादेशी होने का शक मुंबई पुलिस ने जताया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है जो पुलिस के मुताबिक एक्टर के घर पर चोरी करने पहुंचा था। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी।

डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेडाम ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 जनवरी को सुबह 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके आवास पर हमला किया गया। एफआईआर दर्ज की गई और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, उसकी उम्र 30 साल है।

डीसीपी के मुताबिक आरोपी चोरी के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुसा था। उसे अदालत में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी। हमें संदेह है कि वह बांग्लादेशी मूल का है, लेकिन फिलहाल हम जांच कर रहे हैं। इस बात का प्राथमिक प्रमाण है कि वह बांग्लादेशी है, उसके पास भारतीय दस्तावेज नहीं है। हमें शक है कि आरोपी बांग्लादेशी मूल का है और इसलिए मामले में पासपोर्ट अधिनियम से संबंधित धाराएं जोड़ी गई हैं। कोर्ट में आज उसे पेश किया जाएगा और पुलिस कस्टडी की मांग की जाएगी।

डीसीपी दीक्षित गेडाम ने आगे कहा, प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया। वह अपने वर्तमान नाम विजय दास का उपयोग कर रहा था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। वह यहीं रुका था। कुछ दिनों तक मुंबई और फिर मुंबई के आसपास ही आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था।

बता दें, अभिनेता सैफ अली खान पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में रविवार तडक़े ठाणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब तक 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। आरोपी को पकडऩे के लिए 35 टीमें लगाई गई थीं। 16 जनवरी को देर रात घर में घुसे हमलावर के हाथों अभिनेता सैफ अली खान घायल हो गए थे। वह खुद ही एक ऑटो में सवार होकर मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी की गई थी।

भारत-बांग्लादेश की सीमा पर झड़प, बीएसएफ ने दागे आंसू गैस के गोले

नई दिल्ली । आरएनएस

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटे बांग्लादेश की सुखदेवपुर सीमा पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। जहां बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की ओर घुसपैठ की कोशिश की गई। जिसके बाद सुखदेवपुर के निवासियों ने बांग्लादेशी नागरिकों का पीछा किया। तभी दूसरी तरफ से पत्थर फेंके जाने लगे। बेकाबू हुइ स्थिति को देखते हुए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करने के कई प्रयास हुए हैं। इससे पहले, भारतीय सीमा निवासियों द्वारा पीछा किये जाने के बाद बांग्लादेशी नागरिक भाग गये थे, लेकिन शनिवार को उन लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की। सुखदेवपुर सीमा पर डेढ़ किलोमीटर तक कोई फेंसिंग नहीं है। जब भी बीएसएफ ने कंटीले तार लगाने की कोशिश की, बीजीबी ने उसे रोक दिया था। दूसरी ओर जमीन में सुरंगें भी खोदी जाती देखी गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक इस तरफ आकर फसल काट ले गए है।

बता दें कि शुक्रवार रात से सीमा पर तनाव जारी है। तभी स्थानीय निवासियों ने इसे रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। दूसरी ओर के निवासी पीछा करते हुए भाग गए। इससे पहले, बीजीबी ने सीमा पर कंटीले तार लगाने का बार-बार विरोध किया था। दूसरी ओर, बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार सुबह लगभग 11:45 बजे 119वीं वाहिनी की सीमाचौकी सुखदेवपुर के भारत- बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय और बांग्लादेशी किसानों के बीच एक मामूली कहासुनी के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह घटना उस समय हुई जब कुछ भारतीय किसान, सामान्य दिनों की तरह अपने अन्तरराष्ट्रीय सीमा के पास खेतों में काम करने के उद्देश्य से आगे गए हुए थे। इसी दौरान भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया, जिस वजह से दोनों देशों के किसानों के बीच आपसी बहस शुरू हो गई। घटना ने तूल तब पकड़ा, जब दोनों पक्षों के किसान बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे और एक दूसरे पक्ष की तरफ गाली-गलौच व पत्थरबाजी करने लगे। काफी बड़े भाग में तारबंदी के न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बीएसफ और बीजीबी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अपने-अपने देश के किसानों को तितर-बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और उनको वापस लौटाया।

26 जनवरी से पहले पाकिस्तान की बड़ी साजिश नाकाम, बीएसएफ ने बॉर्डर के पास पकड़ा हथियारों का जखीरा

बाड़मेर । आरएनएस

देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बीच सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए हथियार बरामद किए गए हैं। इसमें 9 एमएम की 4 ग्लॉक पिस्तौल, 8 मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच तेज कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि ये हथियार पाकिस्तान की तरफ से तस्करी करके लाया गया है।

एक सूत्र ने बताया, ''सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।

वहीं हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान संचालित कर रही हैं। इसके अलावा इस बात की भी जांच की जा रही है कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? बता दें कि देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है। ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

26 जनवरी से उत्तराखंड में लागू हो जाएगा यूनिफॉर्म सिविल कोड!, बनेगा देश का पहला राज्य; जानें क्या होंगे बदलाव

देहरादून । आरएनएस

उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा। बता दें कि इससे पहले, नियम और कार्यान्वयन समिति की सलाह के बाद सरकार ने कुछ बदलावों को समीक्षा के लिए विधायी विभाग को भेजा था। समीक्षा किए गए नियमों को विभाग द्वारा अप्रूव किया गया है। समीक्षा किए गए नियमों को कल धामी कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने की संभावना है।

वहीं, इस कानून को लेकर कर्मचारियों के लिए ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र चलाया जा रहा है, जिसके 22 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना 'होमवर्क' पूरा कर लिया है और जनवरी 2025 से पूरे राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

क्या होता है यूनिफॉर्म सिविल कोड?

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि देश में रहने वाले सभी नागरिकों (हर धर्म, जाति, लिंग के लोग) के लिए एक ही कानून होना। अगर किसी राज्य में सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे तमाम विषयों में हर नागरिकों के लिए एक से कानून होगा। संविधान के चौथे भाग में राज्य के नीति निदेशक तत्व का विस्तृत ब्यौरा है जिसके अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व है।

गाजियाबाद : लोनी इलाके में 4 मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला और 3 बच्चे जिंदा जले; 2 लोग झुलसे

गाजियाबाद । आरएनएस

दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तडक़े एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक महिला और 3 बच्चों सहित कुल 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, एक महिला और 6 साल की बच्ची भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 7:00 बजे सूचना मिली कि थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क मोहल्ले में एक मकान में आग लगी है। पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना की गई। फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पुलिस ने मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के बाद घर के अंदर से एक महिला व तीन बच्चों का शव बरामद हुए। वहीं, एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलसी हुई हालत में मिली। घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीन मंजिला मकान में नीचे वाले फ्लोर पर माता-पिता रहते थे, बीच वाले में शहनवाज का परिवार रहता था और उससे ऊपर वाली मंजिल पर शहनवाज का भाई रहता था। आग बीच की मंजिल पर लगी थी, जहां मृतक रहते थे। आग लगने के बाद माता-पिता नीचे से बाहर निकल गए, दूसरे भाई के बच्चे ऊपर से निकल गए। आग की चपेट में आने से एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलस गई।

आग बुझाकर मकान के अंदर दाखिल हुए दमकल कर्मियों को वहां एक महिला और 3 बच्चों सहित 4 लोग बेहोशी मिले। उन्हें तुरंत ही स्थानीय पुलिस और लोगों के द्वारा अस्पताल भेजा गया। 4 लोग मकान की छत पर पाए गए, जिनमें 2 लोग एक 30 वर्षीय महिला आयशा पत्नी शमसाद और 4 साल का एक बच्चा अयान पुत्र शमसाद झुलसे हुए पाए गए। उन्हें भी स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दो लोगों शाहनवाज और शमसाद को सुरक्षित रेस्क्यू कर छत से उतारा गया। उक्त मकान के फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर सिलाई की मशीनें एवं कपड़े रखे हुए थे।